RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 07 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 47 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 15 से 20 साल की छात्राओं का पीछा कर करता था अश्लील हरकत...

### मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़ा सीरियल मोलेस्टर



**ठाणे :** जुहू पुलिस ने कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों के बाहर लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, 31 वर्षीय आरोपी ने कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों के बाहर करीब 18 पीड़ितों को निशाना बनाया था. पुलिस ने कहा कि आरोपी को विले पार्ले में दर्ज एक मामले में 2021 में भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी जब जमानत पर बाहर निकला तो उसने फिर से लड़कियों को टारगेट करना शुरू कर दिया.दरअसल, आरोपी कल्पेश गोपीनाथ देवघरे पेशे से ड्राइवर है। आमतौर पर आरोपी 15 से 20 साल की उम्र की लड़कियों को अपना निशाना बनाता था। पुलिस ने कहा कि आरोपी आसपास के कॉलेजों और प्राइवेट संस्थानों के बाहर घूमता था। इस दौरान वह लड़कियों का पीछा करता था और मौका देखते ही उनके साथ छेड़छाड़ की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी देवघरे को कई जगहों पर अश्लील हरकत करते और कॉलेज की लड़कियों से छेड़खानी करने के आरोप में भी पकड़ा गया है।

## एकनाथ शिंदे- फडणवीस सरकार का
# मंत्रिमंडल विस्तार जल्द...

**महाराष्ट्र :** पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना को लेकर अलग-अलग तारीखें सामने आ रही हैं। बीते रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात भी की। इस बैठक को लेकर कहा जा रहा है कि इसमें शिंदे सरकार के कैबिनेट विस्तार पर भी चर्चा हुई। फिलहाल महाराष्ट्र की सियासत में इस बात की चर्चा है कि शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) की वर्षगांठ से पहले राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। बता दें कि आगामी 19 जून को शिवसेना की वर्षगांठ है। उससे पहले मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना है. कैबिनेट विस्तार में इस बात की संभावना है कि बीजेपी और एकनाथ



शिंदे गुट के दस -दस विधायकों को मंत्रीपद मिल सकता है। बीजेपी के जिन विधायकों को मंत्री पद मिल सकता है। उनमें विदर्भ से संजय कुटे, मुंबई से योगेश सागर, किसन कठोरे, मनीषा चौधरी, रणधीर सावरकर, गणेश नाइक, पश्चिम महाराष्ट्र से माधुरी मिसल, मराठवाड़ा से मेघना बोर्डीकर, उत्तर महाराष्ट्र से जयकुमार रावल, देवयानी फरांडे के नाम चर्चा में हैं. जबकि एकनाथ शिंदे गुट में कोंकण से योगेश कदम, भरत गोगावले, विदर्भ से बच्चू कडू, संजय रायमुलकर, संजय गायकवाड, मराठवाड़ा से संजय शिरसाट, पश्चिम महाराष्ट्र से अनिल बाबर, प्रकाश आबिटकर, मुंबई से यामिनी जाधव और उत्तर महाराष्ट्र से चिमणराव पाटिल, सुहास कदे को मंत्री पद मिल सकता है। मौजूदा समय में शिंदे-फडणवीस सरकार में एकनाथ

### इन विधायकों को मिल सकता है मंत्रीपद


शिंदे गुट और बीजेपी 20 मंत्री हैं। यह सभी कैबिनेट मंत्री हैं। विधानसभा सदस्यों की कुल संख्या को ध्यान में रखते हुए 23 व्यक्तियों को मंत्री पद दिया जा सकता है। एकनाथ शिंदे की कैबिनेट में गाली देने और अभद्र व्यवहार करने वाले नेताओं को मंत्रीपद से दूर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि राज्य सरकार के काम को लोगों तक पहुंचाने के लिए और प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य कैबिनेट की तरह केंद्र सरकार में कैबिनेट का विस्तार होगा। इसमें शिंदे गुट के सांसदों को मंत्री पद का मौका दिया जाएगा।

## ठाणे की झील में मिली एक अज्ञात महिला की लाश



**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी शहर में एक झील से एक अज्ञात महिला का शव मिला। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने सोमवार शाम को वरहला झील में महिला का शव देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। भिवंडी शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद स्थानीय दमकलकर्मी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि हरे रंग की साड़ी पहनी महिला की उम्र करीब 50 वर्ष है। अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

## बिहार में जिस कंपनी का ब्रिज गिरा, बीएमसी ने उसी को दिया रोड बनाने का ठेका...
# मुंबई में उठी टेंडर रद्द करने की मांग



**मुंबई:** बिहार के भागलपुर में रविवार को गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल ढह गया। पिछले साल भी तेज बारिश और हवा के चलते पुल का कुछ हिस्सा टूट गया था। भागलपुर ब्रिज का निर्माण करने वाली कंपनी को ही मुंबई में गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड पर 6-6 लेन के दो फ्लाईओवर और एक एलिवेटेड रोड का निर्माण करने का ठेका मिला है। बीएमसी ने उक्त कंपनी को 666 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका दिया है। बीएमसी में पूर्व नेता विपक्ष रविराजा ने बीएमसी से तत्काल कंपनी का ठेका रद्द करने की मांग की है।

रविराजा ने आरोप लगाया कि मुंबई में भी उक्त कंपनी फ्लाईओवर निर्माण में निचले दर्जे का काम कर रही है। इसलिए भविष्य में मुंबई में भी बिहार जैसी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। बीएमसी को तत्काल इस कंपनी को ब्लैक लिस्ट में डाल देना चाहिए। रवि राजा ने कहा कि वर्ष 2021 में स्थायी समिति ने कंपनी को रत्नागिरी होटल चौक गोरेगांव में 6 लेन का फ्लाईओवर, मुलुंड खिंडी पाडा में हाई लेवल का एलिवेटेड रोड और डॉ. हेडगेवार चौक मुलुंड में 6 लेन का फ्लाईओवर बनाने के काम को मंजूरी दी गई। गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड पूर्व और पश्चिम मुंबई को जोड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण प्रॉजेक्ट है। कंपनी की ओर से दोयम दर्जे के काम किए गए, जिस कारण बिहार सरकार का 1700 करोड़ रुपया डूब चुका है। उन्होंने गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के कार्य की जांच कराने की मांग की।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला बेटा, बेडरूम में मिली मां की लाश...

**मुंबई :** मुंबई के विक्रोली में एक सनसनी खेज घटना रिपोर्ट की गई है जिसमें एक फ्लैट में मां बेटे का शव बरामद हुआ. महाराष्ट्र पुलिस के मुताबिक, उनको एक फ्लैट में 22 साल के लड़के के फांसी पर लटके होने और मां के बेडरूम में शव मिलने की जानकारी दी है. विक्रोली पुलिस के मुताबिक उनको इस घटना की जानकारी तब मिली जब उनको पता चला कि विक्रोली के गुलमोहर सोसायटी के बी विंग के 203 नंबर मकान में 2 लोग मृत अवस्था में है, घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया की संजय गजानन तावडे की पत्नी उमा संजय तावडे (54) का शव बेडरूम में पड़ा है जबकि उनके बेटे अभिषेक संजय तावडे (22) फांसी पर लटका हुआ है. पुलिस फौरन दोनों को राजावाड़ी अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया.



पुलिस ADR के तहत मामला दर्ज कर अपनी जांच में जुट गई है, इन दोनों लोगों की हत्या हुई है या फिर ये आत्महत्या का मामला है ये जांच के बाद ही पता चल सकेगा. घटना के बारे में तब पता चला जब संजय अपनी पत्नी और बेटे से मिलने के लिए घर पहुंचे और वहां पर उनके बेल बजाने बावजूद किसी ने उनके लिए गेट नहीं खोला, ऐसे में उन्होंने पुलिस को कॉल किया, पुलिस के पहुंचने के बाद वह लोग फायर ब्रिगेड की मदद से दरवाजा तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए जहां पर उन्होंने अपनी पत्नी और बेटे को मृत पाया.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### भ्रष्टाचार का पुल

बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर निमार्णाधीन पुल का दूसरी बार ढहना भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। शर्मनाक केवल यह नहीं कि यह निमार्णाधीन पुल दूसरी बार गिरा, बल्कि यह भी है कि यह नौ साल से बन रहा है, लेकिन पूरा होने का नाम नहीं ले रहा। यह लेट–लतीफी इसलिए हैरान करने वाली है कि अभी हाल में संसद का नया भवन तैयार हुआ है। यह करीब ढाई वर्ष में बनकर तैयार हो गया।

क्या यह विचित्र नहीं कि संसद का नया भवन तो लगभग ढाई वर्ष में बन गया, लेकिन एक पुल नौ वर्ष में भी नहीं बन पाया? यह तब है, जब इस पुल को नीतीश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। जब सरकार की प्राथमिकता वाले प्रोजेक्ट की यह दुर्गति है तो यह सहज ही समझा जा सकता है कि अन्य परियोजनाओं की क्या स्थिति होगी? बिहार सरकार कुछ भी कहे, इस पुल का दोबारा गिर जाना उसकी बदनामी कराने वाला है और इसके लिए वह अन्य किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती। पुल के गिरने पर बिहार सरकार की प्रतिक्रिया निराश करने वाली है। आखिर यह कहने का क्या अर्थ कि ठीक से नहीं बन रहा था, इसलिए गिर जा रहा है? प्रश्न यह है कि ठीक से न बनने की जवाबदेही किसकी है? इस पुल के फिर से गिर जाने से यह भी पता चलता है कि बिहार बदहाली से बाहर क्यों नहीं निकल पा रहा है? इस पुल के ढांचे का दूसरी बार गिरना यह भी बताता है कि जब यह पहली बार गिरा तो जरूरी सबक सीखने से इन्कार किया गया।

भागलपुर को खगड़िया से जोड़ने वाले पुल के दूसरी बार गिर जाने से यह जानना कठिन है कि अब यह कब तक बनकर तैयार होगा और उसकी लागत में कितनी वृद्धि होगी? यह तय है कि जो भी वृद्धि होगी, वह जनता के पैसे की बबार्दी ही होगी। इस पुल के दूसरी बार गिर जाने को महज दुर्योग कहकर कर्तव्य की इतिश्री नहीं की जा सकती, क्योंकि बिहार में इसके पहले भी कई निमार्णाधीन या फिर नए बने पुल ढह चुके हैं। इसका मतलब है कि निर्माण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार का घुन लग चुका है। ऐसा तब होता है, जब भ्रष्ट तत्वों के गठजोड़ पर लगाम लगाने से इन्कार करने के साथ यह देखने से बचा जाता है कि निर्माण परियोजनाएं समय से और सही तरीके से क्यों नहीं पूरी हो रही हैं?

वैसे तो सड़कों, पुलों आदि के निर्माण में भ्रष्टाचार और उनकी गुणवत्ता की अनदेखी एक राष्ट्रव्यापी समस्या है, लेकिन यह तो हद है कि कोई निमार्णाधीन पुल दो–दो बार गिर जाए। समझना कठिन है कि जब अंग्रेजों के जमाने में बनाए गए निर्माण आज भी अपनी मजबूती की गवाही दे रहे हैं, तब निमार्णाधीन परियोजनाएं पूरी होने के पहले ही क्यों ध्वस्त हो जा रही हैं?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबईकरों को राहत... नहीं बढ़ेगी पानी की दर!

## मुंबई के अलग-अलग इलाकों में क्या है पानी का रेट जानिए...

### मुंबई बीजेपी ने पानी वृद्धि दर का किया विरोध, साल 2022 में 7.12 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि



**मुंबई:** चुनावी साल में बीएमसी ने मुंबईकरों को बड़ी राहत दी है। बीएमसी ने इस साल अब तक पानी की दर में बढ़ोतरी नहीं करने का फैसला किया है। बीएमसी कमिश्नर आई. एस. चहल ने कहा कि पानी की दर में वृद्धि का कोई प्रस्ताव ही नहीं आया है। नियम के अनुसार हर साल 16 जून से मुंबई में पानी की दर में बीएमसी 8 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। इस साल भी आशंका जताई जा रही थी कि बीएमसी पानी की दर में 7.12 प्रतिशत की वृद्धि करने जा रही है, बढ़ी हुई दर 16 जून से लागू होगी। इस हिसाब से पानी की दर में 25 पैसे से 4 रुपये तक की वृद्धि हो सकती थी। बीएमसी जलापूर्ति विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2012 में यह नियम बनाया गया था कि हर साल पानी की दर में अधिकतम 8 प्रतिशत की वृद्धि होगी। झोपड़पट्टी में फिलहाल पानी की दर 5.28 रुपये है।

यह दर प्रति 1000 लीटर पानी पर लागू होती है। इसी तरह इमारतों व अन्य ग्राहकों को 6.36 रुपये की दर से बीएमसी पानी मुहैया कराती है। नॉन कमर्शल जगहों पर पानी की दर 25.26 रुपये है। कमर्शल में लोग प्रति हजार लीटर पर 47.65 रुपये खर्च कर रहे हैं। मुंबई में उद्योग-कारखाना चलाने वाले 63.65 रुपये खर्च करते हैं। पॉश इलाके रेसकोर्स, थ्री एवं फाइव स्टार होटलों से बीएमसी प्रति 1000 लीटर पर 95.49 रुपये शुल्क लेती है। बीएमसी की दर वृद्धि का असर झोपड़पट्टी में रहने वालों से लेकर फाइव स्टार होटल तक पड़ता है। पानी की दर में 35 पैसे से लेकर 6.35 रुपये की वृद्धि होती है।

बीएमसी अधिकारी का कहना है कि मुंबईकरों को प्रतिदिन 3850 एमएलडी पानी की आपूर्ति सातों झीलों से की जाती है। जिस कीमत पर लोगों को पानी उपलब्ध कराया जाता है, वह बहुत ही मामूली दर है। जबकि, लोगों तक पानी पहुंचाने के लिए बीएमसी कई गुना खर्च करती है। पानी आपूर्ति के लिए प्रशासनिक खर्च के साथ ऊर्जा खर्च, सरकार के तालाब से लिए जाने वाले पानी का खर्च भी बढ़ गया है। इसी तरह पानी के शुद्धिकरण और उसमें डाली जाने वाली दवाओं का खर्च बढ़ गया है। कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ोतरी हुई है। जलशुद्धिकरण टेक्नॉलजी और ऊर्जा खर्च में वृद्धि हुई है। साथ ही, पानी आपूर्ति करने वाली पाइपलाइनों की देखभाल के खर्च बढ़ गया है। पानी आपूर्ति का खर्च काफी बढ़ गया है, इसलिए पानी के शुल्क में हर साल वृद्धि करने का प्रस्ताव है।

**झीलों में बचा 11 पर्सेंट पानी**

मुंबई कोई पानी आपूर्ति करने वाली झीलों में 4 जून, 2023 तक 174000 एमएलडी यानी झीलों की कुल क्षमता का 11.76 प्रतिशत पानी का स्टॉक रह गया है। यानी झीलों में पिछले तीन वर्षों के मुकाबले सबसे कम पानी है। इसीलिए राज्य सरकार ने अपर वैतरणा से 75 एमएलडी और भातसा से 75 एमएलडी पानी आवश्यकता पड़ने पर इस्तेमाल करने की मंजूरी दी है।

## बर्थडे पार्टी का बिल भरने से मना करने पर चार दोस्तों ने की युवक की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में एक 20 वर्षीय युवक की चार दोस्तों ने मिलकर उसके जन्मदिन पर हत्या कर दी। दरअसल, साबिर नाम के युवक और उसके चार दोस्तों के बीच जन्मदिन पार्टी के दौरान खर्च किए गए पैसों को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी आगे बढ़ गई कि उसके दोस्तों ने साबिर की हत्या कर दी। मालूम हो कि ये घटना 31 मई की है।

**पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार**

पुलिस ने बताया कि इस मामले में सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग हैं, जिन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। वहीं, दो अन्य आरोपी युवक- शाहरुख और निशार को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच चल रही है।

**क्या है पूरा मामला?**

जानकारी के मुताबिक, साबिर के जन्मदिन पर उसके दोस्तों ने डीजे का इंतजाम किया था। इसका भुगतान करने के लिए साबिर को कहा गया, जिसे साबिर ने मना कर दिया। साबिर ने कहा कि उसके पास अब पैसे नहीं बचे हैं। साबिर के पिता ने बताया कि उसने अपने जन्मदिन पर 10 हजार रुपये खर्च किए थे, जिसके बावजूद उसके दोस्तों ने और पैसे खर्च करने के लिए कहा। साबिर के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने जब भुगतान करने से मना कर दिया, तो उसके दोस्त नाराज हो गए और आपसी कहासुनी शुरू हो गई। हालांकि, बात इतने तक ही नहीं रुकी। उसके दोस्तों ने साबिर को पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच, उसके दोस्तों ने साबिर के सीने में चाकू घोंप दिया। इसके बाद, इसकी सूचना साबिर के पिता को दी गई, पिता ने पुलिस को सूचित किया और साबिर को शताब्दी नगर निगम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही साबिर की मौत हो गई।

## वडाला रोड स्टेशन पर टीसी ने ट्रेन से गिरी महिला की बचाई जान



**मुंबईः** मुंबई के वडाला रोड रेलवे स्टेशन पर टीसी ने ट्रेन से गिरी एक महिला की जान बचाई है. जानकारी के अनुसार वरिष्ठ टिकट संग्राहक सुधीर कुमार मांझी वडाला रोड स्टेशन पर रात 8:16 बजे ड्यूटी कर रहे थे. लगभग 15:10 बजे, वडाला रोड, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर चेकिंग के दौरान, एक महिला साधना बी पाठने चलती ट्रेन से गिर रही थी और उनकी बेटी उर्मिला पाठने मदद की गुहार लगा रही थीं. तभी महिला की ओर अचानक टीटी सुधीर दौड़े, तब तक महिला नीचे गिर चुकी थी. इस पर सुधीर ने प्लेटफॉर्म और लोकल ट्रेन से महिला का सिर खींच लिया और एक वरिष्ठ नागरिक महिला यात्री की जान बचाकर एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया. वरिष्ठ महिला साधना पाठने इस घटना से बहुत डरी गई थीं. इसके बाद उनको स्टेशन मास्टर कार्यालय में ले जाया गया. घटना के दौरान महिला के हाथ में लगी, जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया. साधना पाठने की पुत्री उर्मिला पाठने ने टीटी सुधीर कुमार मांझी को उनकी बहादुरी के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जिन्होंने वास्तव में उनकी मां की जान बचाई और एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वहीं शुधीर ने पूरे दिल से रेलवे प्रशासन के प्रति अपने कर्तव्य को सही ठहराया.




# मुंबई हवाईअड्डे पर 6.21 करोड़ रुपये का सोना जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में आपराधिक घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां के सांगली जिले में हथियारबंद लुटेरों ने एक ज्वेलरी शॉप से 14 करोड़ रुपये के गहने लूट लिए। वहीं, दूसरी ओर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर डीआईआई ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह पर शिकंजा कसा है। यहां चार लोगों के पास से छह करोड़ से ज्यादा का सोना बरामद किया गया है। इतना ही नहीं, राज्य में ड्रग्स की तस्करी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। पुलिस लगातार ड्रग्स के काले कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मेफेड्रोन जब्त किया है। साथ ही इसकी तस्करी में शामिल दो लोगों सहित एक नाईजीरियाई को भी गिरफ्तार किया है।



महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर डीआरआई ने सोने की तस्करी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यहां राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही उनके पास से 10 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया। इसकी कीमत 6.21 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अधिकारी ने बताया कि डीआरआई ने यह कार्रवाई शनिवार को दो अलग-अलग अभियानों के दौरान की। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डीआरआई की टीम ने शारजाह से एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से मुंबई पहुंचे दो यात्रियों को रोका और उनकी जांच की।

जांच के दौरान उनके पास से आठ 24 कैरेट सोने की छड़ें बरामद हुईं। इन छड़ों को दोनों ने अपनी कमर के चारों ओर अपने कपड़ों में छिपा रखा था। इन छड़ों का वजन आठ किलोग्राम था। पूछताछ के दौरान, डीआरआई अधिकारियों को आरोपी यात्रियों के एक अन्य सहयोगी के बारे में पता चला और उसे पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा, जब्त की गई सोने की छड़ें 4.98 करोड़ रुपये की थीं। अधिकारी ने कहा कि इसी तरह उसी दिन दुबई से आ रहे एक भारतीय नागरिक को 24 कैरेट सोने के तारों के साथ पकड़ा गया। आरोपी ने इन तारों को धातु की पट्टियों के नीचे 56 महिलाओं के पर्स में छिपाया था। उसके पास से 1.23 करोड़ रुपये मूल्य के 2.05 किलोग्राम सोने के तार बरामद किए गए।

## एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मेफेड्रोन जब्त किया

**वहीं, मुंबई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत के मेफेड्रोन के साथ एक नाइजीरियाई नागरिक सहित दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद मेफेड्रोन की मात्रा 505 ग्राम बताई जा रही है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने रविवार शाम को घाटकोपर (पूर्व) के खोखनी लेन इलाके से 58 साल एक व्यक्ति को 100 ग्राम मेफेड्रोन के साथ पकड़ा था। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया किया कि उसने पालघर जिले के नालासोपारा रेलवे स्टेशन के पास एक नाइजीरियाई व्यक्ति से नशीला पदार्थ खरीदा था। इसके बाद, पुलिस टीम नालासोपारा पहुंचा और अन्य आरोपियों को 400 ग्राम मेफेड्रोन के साथ पकड़ा। अधिकारी ने कहा कि दोनों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। दोनों को सात जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।**

# मॉनसून में मछुआरे बनेंगे पुलिस की तीसरी आंख, समंदर में रेस्क्यू के लिए लेगी मदद

## इस बार मॉनसून में मछुआरे बनेंगे मुंबई पुलिस की तीसरी आंख

## हाईटाइड के दौरान के दौरान खतरे की सर्वाधिक आशंका रहती है



**मुंबई:** मॉनसून को देखते हुए सागरी सुरक्षा व्यवस्था को भी चाक चौबंद करने की कवायद शुरू है। एक अधिकारी ने बताया कि गोराई, मालवणी और बोरीवली पुलिस की टीम स्थानीय लोगों को विशेष प्रशिक्षण दे रही है। प्रशिक्षण पाने वालों में अधिकतर मछुआरे हैं। मछुआरों को समुद्र के बारे में अच्छी जानकारी होती है। हाईटाइड के दौरान अथवा मॉनसून के दौरान खतरे की सर्वाधिक आशंका रहती है। ऐसे में समुद्र किनारे रहनेवाले मछुआरों, लाइफ गाड्र्स, नाविकों और अच्छे तैराकों की मदद से पुलिस आपातकालीन परिस्थितियों में आसानी से राहत कार्य शुरू कर जान-माल की रक्षा सकती है। बता दें कि वसोर्वा जेट्टी, यारी रोड कोलीवाडा, जुहू कोलीवाडा, माहिम कोलीवाडा, अक्सा बीच, दाना पानी और गोराई जैसे समुद्र से सटे कई कोलीवाडे और मछुआरों की बस्तियां हैं। मुंबई पुलिस अब विशेष अभियान चलाते हुए यहां के निवासियों को मॉनसून के दौरान अपनी तीसरी आंख बना रही है। इन लोगों को पुलिस मित्र के नाम से बुलाया जाएगा। पुलिस अब तक 120 से अधिक पुलिस मित्र बना चुकी है। इसके अलावा स्थानीय एनजीओ, समाजसेवी संस्थाओं, एनएसएस और लाइफ गाड्र्स की भी मदद ली जाएगी।

**लहरों में डूबने से मौत**

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी का कहना है कि मॉनसून के दौरान सागर में उठने वाली लहरों को देखने के लिए बड़े पैमाने पर पर्यटकों की भीड़ समुद्र किनारे जमा हो जाती है। कई बार लोग सुरक्षा घेरे से अंदर चले जाते हैं। मुंबई के बीच पर हर साल दो-चार लोगों की तेज लहरों में डूबने से मौत हो जाती है। प्रशासन की ओर से खतरनाक बीच और समुद्र किनारों पर सूचना बोर्ड लगाया जा रहा है।

# बिल्डर हरेश मेहता गिरफ्तार... अदालत में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत



**मुंबई :** सीबीआई ने मुंबई के एक बिल्डर को एसबीआई बैंक से किये गए धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हरेश मेहता है जो दक्षिण मुंबई का प्रसिद्ध बिल्डर है, वह रोहन लाइफ स्पेसेस लिमिटेड का संचालक है। एसबीआई बैंक के साथ हुई 280 करोड़ के धोखधड़ी मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई के आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मामले में एफआईआर दर्ज किया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीबीआई की ईओडब्ल्यू यूनिट ने 2016 में एसबीआई ठाणे शाखा की शिकायत पर राजपूत रिटेल लिमिटेड पर दर्ज की गई शिकायत की जांच शुरू की थी। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी ने कुछ सरकारी कर्मचारियों की मदद से प्लान बनाया और फिर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर तीन लोन लिए। जिसमें 280 करोड़ रुपये धोखाधड़ी हुई। इसमें हरेश मेहता भी शामिल है।

## जांच में मेहता की भूमिका आई सामने

**सीबीआई ने जांच शुरू की तब जांच में रोहन कन्स्ट्रक्शन्स लिमिटेड के हरेश मेहता की भूमिका भी सामने आई। सीबीआई ने मेहता के कार्यालय, निवास और रूबी मिल्स में छापेमारी की जहां द रूबी नामक इमारत की खरीदी के लिए 155 करोड़ रुपये का कर्ज पास हुआ था। बताया जा रहा है कि इसीके बाद मेहता पर यह कार्रवाई हुई है।**

## न्यायिक हिरासत में मेहता

**मेहता अब न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई में कस्टडी की मांग की थी लेकिन उनके वकील ने कोर्ट के सामने तथ्य रखा और कहा कि वे लगातार सीबीएआई की जांच में सहयोग कर रहे हैं। इसलिए कस्टडी देने का विरोध वकील ने किया। इसके अलावा सीबीआई द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने को अवैध गिरफ्तारी बताया, उन्होंने अदालत में दलील रखी कि मेहता कोई भी फर्जी दस्तावेज बनाने या धोखाधड़ी में शामिल नहीं हैं। उन्होंने जमानत के लिए अर्जी भी ठाणे के कोर्ट में दे दी है।**

# पुलिस अधिकारी डकैती में गिरफ्तार... पिता के साथ मिलकर डकैती को दिया अंजाम

**महाराष्ट्र :** एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसमें एक पीएसआई ने अपने पिता और एक रिश्तेदार की मदद से कलिंका माता मंदिर के पास स्थित एक एसबीआई ब्रांच में लूट की घटना को अंजाम दिया। जलगांव पुलिस ने पीएसआई, उसके पिता और उसके रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 16 लाख रुपये नकद और 3.60 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है।

मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम पीएसआई शंकर रमेश जसक, रमेश राजाराम जसक व जसक के रिश्तेदार व कार्यालय के प्यून मनोज रमेश सूर्यवंशी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने बीमारी की छुट्टी डाल रखी थी। इसी छुट्टी के दौरान वह ऐसी घटना के9 अंजाम देता था। एक जून को हेलमेट



पहने लुटेरे पिछले दरवाजे से शाखा में घुसे थे। उन्होंने चपरासी मनोज सूर्यवंशी और सुरक्षा गार्ड संजय बोखरे की आंखों में कुछ छिड़क दिया था और उनके साथ मारपीट की और उन्हें बांध दिया। उन्होंने दूसरों को चाकू दिखाकर धमकाया था और मारपीट कर एक कोने में बैठने को मजबूर किया था। उन्होंने बैंक से -17 लाख और -3.6 करोड़ का सोना लूट लिया था।जलगांव पुलिस के एसपी एम राजकुमार ने बताया कि आरोपी पीएसआई को ज्यादा पैसे कमाने की इच्छा था। इसी वजह से उसने पहले बैंक के प्यून से सांठगांठ की। इसके बाद प्यून के आंखों में मिर्ची जैसा कुछ स्प्रे उसकी आंख में छिड़का और फिर बैंक से कैश और गहने लेकर फरार हो गया। जलगांव के एसपी एम राजकुमार ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को आरोपियों की युद्धस्तर पर तलाश करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने बैंक मैनेजर और चपरासी से अलग-अलग पूछताछ की। तब पुलिस को उनके जवाबों में काफी अंतर मिला।



# मानसून में अब की बार नहीं थमेगी मायानगरी की रफ्तार!

## मुंबई है पहले से तैयार... रेलवे ने भी बनाया यह प्लान

**मुंबई** : महाराष्ट्र में बहुत जल्द मानसून का आगमन होने वाला है. संभावना जताई जा रही है कि 11 जून के आसपास मुंबई में मानसून की एंट्री हो सकती है. हर साल की तरह इस बार भी मानसून के आने से पहले सरकारी एजेंसियां और नागरिक प्राधिकरण प्री-सीजन की तैयारियों को पूरा करने और नियंत्रण कक्ष स्थापित करने में व्यस्त हैं. औसत मुंबईकर को उम्मीद है कि इस बार लोकल ट्रेनों की स्पीड नहीं थमेगी. बता दें कि साल 2021 में, भारी बारिश के कारण बाढ़ ने सात दिनों के लिए लोकल ट्रेनों की सेवा प्रभावित हो गई थी. खासतौर पर मध्य रेलवे में सायन और परेल में मानसून का सबसे ज्यादा बुरा असर दिखा था. इसके अलावा पश्चिम रेलवे में माटुंगा रोड, चर्नी रोड और ग्रांट रोड प्रभावित हुआ था.



**माइक्रो-टनलिंक से पटरियों पर नहीं भरेगा पानी**

इस वर्ष, हालांकि, रेलवे ने दावा किया है कि माइक्रो-टनलिंग कार्य किए जाने और पंपों को स्थापित करने के कारण 2021 वाली स्थिति फिर से नहीं होगी. माइक्रो-टनलिंग में पटरियों के 2-3 मीटर नीचे मिनी-ड्रेन का निर्माण शामिल है. मिनी नालियां वर्षा जल नालियों से जुड़ी होती हैं जो फिर रेल की पटरियों से पानी को बाहर निकालती हैं, जिससे भारी बारिश के दौरान अतिरिक्त जलभराव को रोका जा सकता है. दिवा-कलवा, विक्रोली-कांजुरमार्ग और सायन-कुर्ला स्टेशनों के साथ-साथ सेंट्रल लाइन पर पश्चिमी लाइन पर माइक्रो-टनलिंग का काम किया गया है. मध्य रेलवे के सीपीआरओ शिवराज मानसपुरे ने कहा, ह्रमुंबई के मानसून संकट की बात करें तो माइक्रो-टनलिंग एक सफलता साबित हुई है. यह प्रक्रिया महामारी के दौरान शुरू हुई थी, यही वजह है कि हमने पिछले साल बाढ़ की स्थिति ज्यादा नहीं देखी. इस साल भी, हम उम्मीद कर रहे हैं कि यात्रियों को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और अगर जल-जमाव होता है, तो यह तेजी से दूर हो जाएगा.

**रेलवे ने तैयार किया कंट्रोल रूम**

माइक्रो-टनलिंग के अलावा और पंप लगाए गए हैं और नालों की सफाई के साथ-साथ पेड़ों की छंटाई, मलबा हटाने और पटरियों को उठाने का काम किया गया है. साथ ही अन्य उपायों के साथ रेलवे द्वारा एक 247 नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है. मध्य रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, मस्जिद, मझगाँव यार्ड, भायखला, चिंचपोकली, करी रोड, परेल और दादर सहित 24 स्थानों पर 166 पंप उपलब्ध कराए गए हैं. मुख्य लाइन पर आठ स्थानों पर माइक्रो-टनलिंग की गई है और उपनगरीय खंड पर 118.48 किमी नालों पर गाद निकालने और सफाई की गई है.

# ठाणे में मेट्रो के काम में लापरवाही, कार की छत से पार हुई लोहे की सरिया

**ठाणे** : ठाणे शहर में शुरू मेट्रो के काम में लापरवाही एक बार फिर सामने आयी है। शहर के तीन हाथ नाका स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास 15 से 20 फुट की उंचाई से गिरा लोहे का सरिया कार की छत से पार हो गया। कुछ इंच का फरक पड़ने से ड्राइवर की जान बच गयी। यह अच्छा है कि उसे किसी तरह की चोट भी नहीं लगी। ठाणे शहर में एमएमआरडीए की तरफ से वडाला-घाटकोपर-कासारवडवली मेट्रो-4 का काम शुरू है। सोमवार को सुबह भांडुप की तरफ से जितेंद्र यादव अपनी इको कार में तीन यात्रियों को बिठा कर कोलशेत की तरफ जा रहा था। लालबहादुर शास्त्री मार्ग पर पहुंचा ही था कि भारत पेट्रोल पंप के पास ऊपर से लोहे की सरिया गिरा जो कार की छत



को चीरते हुए पार हो गयी।

यह अच्छा था कि यादव का सर कुछ इंच दूर था। लोग इसे इश्वर की कृपा ही मान रहे हैं कि ड्राइवर यादव को किसी तरह की चोट भी नहीं लगी। इसके पहले मेट्रो के काम की लापरवाही की वजह से मुंबई और ठाणे में कई जानलेवा दुर्घटना हो चुकी है। इस घटना से एक बार फिर मेट्रो के काम में लापरवाही उजागर हुई हैं।

# १२ घंटे के अंदर सुलझा डाली माणिकपुर पुलिस ने मालिक की हत्या की गुत्थी... कुर्ला से हत्यारा गिरफ्तार



**वसई:** माणिकपुर क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम ने १२ घंटे के अंदर ही मजदूरी को लेकर हुए विवाद में मालिक की हत्या करने वाले आरोपी को मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल,कुर्ला से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। यह कार्रवाई परिमंडल २ डीसीपी पौर्णिमा चौगुले श्रींगी व एसीपी पद्मजा बडे के मार्गदर्शन में माणिकपुर थाने के सीनियर पी.आई संपतराव पाटील व पो.नि. अभिजीत मडके (गुन्हे), पो.नि.अशोक कांबले (प्रशासन), क्राइम इन्वेस्टिगेशन के अधिकारी स.पो.नि.सचिन सानप की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि ३ जून को रात्रि ८ बजे दिवाणमान,वसई पश्चिम स्थित कासा टेरेजा या बिल्डिंग बांधकाम के साइड पर पत्रशेड में रहने वाले मो.मोईन व मो.अरबाज आलम,दोनो जिला कटिहार राज्य बिहार,उनके बीच मजदूरी भुगतान को लेकर विवाद हो गया।मो.अरबाज आलम ने मो.मोइन के सिर,चेहरे व गर्दन पर लकड़ी के पटरे से वार कर उसकी हत्या कर दी गई, पुलिस ने शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,वही मृतक का भाई मो. आवेश मो.फारुख की शिकायत पर उपरोक्त आरोपी के ऊपर माणिकपुर पुलिस ने कलम ३०२, ५०४,५०६ के तहत केस दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गयी।पुलिस ने बताया कि उक्त अपराध में आरोपी के नाम मो.अरबाज मो.मिराज आलम के दोस्त, मुलगाँव, रिश्तेदारों आदि के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण मानिकपुर पुलिस के लिए हत्या जैसे गंभीर अपराध में आरोपियों को ढूंढना एक बड़ी चुनौती थी।अपराध की गंभीरता को देखते हुए मानिकपुर थाना के क्राइम इन्वेस्टिगेशन दल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तकनीकी विश्लेषण एवं बौद्धिक कौशल के आधार पर आरोपी मो.अरबाज मो. मिराज आलम (२५),निवासी-ग्राम बारसोई,मोलनापुर,देवगण मस्जिद के पास, महानंदा नदी के बाजू,थाना बारसोई, जि.कटीहार,राज्य बिहार।उपरोक्त आरोपी मुंबई से भागने की तैयारी करते पुलिस ने लोकमान्य तिलक टर्मिनल,कुर्ला से धर दबोचा।१२ घंटे के अंदर वारदात का खुलासा हुआ है।

# नहीं मिला पंद्रह वाहनों का वरिशदार



**मुंबई** : मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने उनके पास इकट्ठा हुई गाड़ियों की नीलामी जल्द ही शुरू करनेवाली है। जिसके लिए आखिरी कोशिश की जा रही है कि जिनलोगों की गाड़ियां पुलिस के पास है, उनकी गाड़ियां उन्हें मिल जाये। ट्रैफिक पुलिस के कुलाबा डिवीजन को पंद्रह दुपहिया वाहनों का वरिशदार नहीं मिल रहा है। ट्रैफिक पुलिस आखिरी कोशिश कर रही है कि उन वाहनों का वरिशदार मकल जाए। अगर ककोइ वरिशदार सामने नहीं आता है तो इन वाहनों की नीलामी कर दी जाएगी। एक नोटिफिकेशन जारी कर मुंबई पुलिस की वेबसाइट पर भी इसे पब्लिश किया गया है। इससे पहले वाहन धारकों को संपर्क करने की कई कोशिश की गई। लेकिन पंद्रह वाहन धारकों से संपर्क नहीं हो पाया। इसी वजह से अब अंतिम कोशिश की जा रही है कि किसी तरीके से उन्हें उनका व्हां मिल जाये। ये ऐसे दुपहिया वाहन हैं जिसे दक्षिण मुंबई के अलग अलग इलाके के नो पार्किंग जोन से उठाकर लाया गया है। कार्रवाई के तहत ये गाड़ियां उठाई गई। लेकिन अब इन्हें लेने आनेवाला कोई नहीं है। ट्रैफिक पुलिस ने इन सकभी पंद्रह वाहन धारकों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन या तो उनका मोबाइल नंबर बंद है या फिर किसी और के पास नंबर है। यही नहीं उनके द्वारा वाहन खरीदी के वक्त दिए गए घर के एड्रेस पर भी गाड़ी लेने के लिए नोटिस भेजा गया है। लेकिन नोटिस पर भी कोई रिस्पॉन्स नहीं आया है। इस वजह से पुलिस ने अब इन्हें नीलाम करने का निर्णय लिया है। जिन दुपहिया वाहनों के वरिशदार न मिलने पर उनकी नीलामी की जानी है, उनमें एक्टिवा वाहनों का समावेश अधिक है। इसके अलावा एक्सेस, बर्गमैन आदि गाड़ियां शामिल हैं। ये सभी गाड़ियां नो पार्किंग से लाई गई हैं। जो गाड़ियां ट्रैफिक थानों में जब्त हैं उनके नंबर इसप्रकार से हैं। 8737, 1411, 8590, 6025, 5948, 2716, 6198, 5389, 0634, 8416, 4877, 2553, 4936, 0797, 6986।

# एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, दो लोग गिरफ्तार




**मुंबई** : मुंबई पुलिस ने एक नाइजीरियाई नागरिक सहित मादक पदार्थ के दो तस्करों को 505 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया। बरामद मादक पदार्थ की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने रविवार शाम घाटकोपर (पूर्व) में खोखनी लेन इलाके से 100 ग्राम मेफेड्रोन के साथ 58 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने पड़ोसी पालघर जिले के नालासोपारा रेलवे स्टेशन के पास एक नाइजीरियाई व्यक्ति से मादक पदार्थ खरीदा था। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस का एक दल नालासोपारा पहुंचा और अन्य आरोपी को 400 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि दोनों को स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। दोनों को सात जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# 905 किलो प्लास्टिक जब्त, 5000 जुमार्ना ठोका

**वसई:** वसई विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के तहत घनकचरा डिपार्टमेंट के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है. उपायुक्त घनकचरा व्यवस्थापन विभाग चारुशीला पंडित के निर्देशन में एवं वरिष्ठ आरोग्य निरीक्षक अविनाश गुंजालकर के नेतृत्व में ०५ जून २०२३ को वार्ड समिति 'सी' चंदनसार क्षेत्राधिकार में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के अनुपालन में कार्रवाई की गई।उक्त कार्रवाई के दौरान, ९०५ किलोग्राम प्लास्टिक जब्त किया गया और ५००० रुपये का जुमार्ना लगाया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान वार्ड के सफाई निरीक्षक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.





# गर्दन में आरपार चाकू, दर्द और बहते खून के साथ बाइक चलाकर खुद पहुंचा अस्पताल...

## शख्स की हिम्मत से बची जान, सानपाड़ा के रहनेवाले शख्स पर भाई ने किया हमला

**मुंबईः** नवी मुंबई में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई।एक शख्स के गले में चाकू घुसा था। वह बाइक चला रहा था। गले से खून बहता जा रहा था। वह अस्पताल पहुंचा तो उसे देखकर हर कोई घबरा गया। अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। उसकी सर्जरी तुरंत शुरू की गई। पता चला कि सानपाड़ा निवासी इस शख्स पर जानलेवा हमला किया गयाथा। उसकी गर्दन पर चाकू से वार किया गया। वह एक किलोमीटर मोटरसाइकल चलाकर अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में डॉक्टरों ने सर्जरी करके शख्स की जान बचा ली। सर्जरी बहुत जोखिम भरी थी, डॉक्टर्स ने कहा कि यह चमत्कार ही है कि बिना किसी बड़े डैमेज से घायल को बचा लिया गया। डॉक्टर्स ने बताया कि व्यवसायी तेजस पाटिल की गर्दन से जंग लगे चाकू को निकालने और डैमेज हुई ब्लड वेसेल्स को ठीक करने के में चार





घंटे लगे। तेजस की सर्जरी एमपीसीटी अस्पताल में 3 जून को की गई।डॉक्टरों ने एक पूरी टीम लगभग चार घंटे तक सर्जरी में लगी रही। सोमवार को उन्हें अस्पताल के रूम में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि चाकू से ब्रेन तक खून पहुंचाने वाली कई नसे बच गई थीं, जिसके चलते शख्स की जान बच सकी। तेजस पाटिल ने दावा किया कि उसके 28 वर्षीय भाई मोनीश ने सुबह करीब 9 बजे उस पर चाकू से हमला किया। उस दौरान वह अपने घर में सो रहा था। उसने बताया कि उसके भाई मोनीश को पीने की लत है। नशे की हालत में उसने जब हमला किया तो उसका दोस्त महेश भी उके साथ था।

**नशे की हालत में किया अटैक**

पाटिल ने कहा कि उन्होंने मोनिश को अपने पानी के टैंकर आपूर्ति व्यवसाय में भागीदार बनाया था, लेकिन वह बुरी संगत के कारण गंभीरता से काम नहीं करता था। नशे की लत के चलते वह बिगड़ गया था।इसके चलते वह उसे आएदिन डांटता था। पाटिल ने कहा, 'मैं अभी भी सदमे में हूं कि मोनीश ने मुझे मारने की कोशिश की।' सानपाड़ा थाने में पुलिस ने हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की है। मोनीश फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। एमपीसीटी अस्पताल के डॉक्टरों ने तेजस की सूझबूछ की तारीफ की। उन्होंने बताया कि गर्दन में लगी चाकू के साथ तेजस बाइक चलाकर अस्पताल तक पहुंचा। तेजस ने उल्वे में अपने ससुर भूपेंद्र सिंह को भी फोन करके उसकी गर्दन पर छुरा घोंपने की सूचना दी थी। तेजस की पत्नी गर्भवती है और वह अपने मायके में ही थी। एमपीसीटी अस्पताल के डॉ. प्रिंस सुराणा ने कहा कि जैसे ही मरीज आया हमने गर्दन, मस्तिष्क और छाती का सीटी स्कैन किया, यह देखने के लिए कि चाकू के ब्लेड ने किस हद तक गर्दन को छेदा था और क्षति पहुंचाई थी।

# आरपीएफ नालासोपारा की कार्रवाई में दो अपराधों का पदार्फाश, एक आरोपी गिरफ्तार...

**वसईः** आरपीएफ नालासोपारा ने ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' के तहत मोबाइल चोरी की दो गुत्थी सुलझाने में सफलता अर्जित की है। आरपीएफ ने २३ वर्षीय मोबाइल चोर को पकड़कर उसे जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है।मिली जानकारी के अनुसार,३ जून को नालासोपारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.२ में पर्स की चोरी हो गई थी, आरपीएफ सी.पी.डी.एस टीम नालासोपारा के परिणामों द्वारा ४ जून को लगातार निगरानी की गई, एक संदिग्ध व्यक्ति को सी.पी.डी.एस टीम नालासोपारा सी.टी संजय कुमार,सी.टी कृष्णा सैनी और सी.टी टिक्कम सिंह ने नालासोपारा स्टेशन प्लेटफॉर्म नं.२ से पकड़ा व बाद में एस.आई.पी.एफ सुभाष चंद्र यादव द्वारा पूछताछ की गई,उसने अपना नाम सत्यम कृष्ण कुमार सिंह,उम्र २३ साल,निवासी-हनुमान मंदिर,नालासोपारा पूर्व में बताया,उसने ३ जून को एक पर्स (१२६० रुपये) चोरी का गुनाह




स्वीकार किया। जब उसकी ठीक से जांच की गई तो उसकी जेब में एक मोबाइल (७५००) मिला जो उसने ४ जून को नालासोपारा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नं.२ से चुराया था, उसने दोनों चोरी का अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरपीएफ ने उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी वसई को सौंप दिया गया।

# नाबालिग लड़की से बलात्कार करने के आरोप में 1 व्यक्ति गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने नाबालिग लड़की से बलात्कार (फंत्री) के आरोप में 45 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी बढ़ई का काम करता था और सोमवार को यहां बल्कुम इलाके में काम के सिलसिले में आया था। कपूरबावड़ी थाने के वरिष्ठ निरीक्षक उत्तम सोनवणे ने बताया कि उसने एक बच्ची (उम्र करीब छह साल) को अकेले देखा और उसे एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया।

लड़की ने शोर मचाया और फिर वह अपने घर भाग गई। घटना का पता चलने पर लड़की के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुंबई के माहिम इलाके से आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना के समय आरोपी नशे में था। अधिकारी ने बताया कि लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और यौन शोषण से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं।

# रिक्लेमेशन में एसटीपी प्लांट की योजना... हटाया जाना है ५०० से अधिक पेड़ों को



**मुंबई :** देश में विकास के नाम पर हरित क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कमोबेश यही स्थिति मुंबई में भी है। मुंबई में पर्यावरण को खूब नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कभी आरे में मेट्रो कार शेड जबरन थोपकर कई हजार पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जाता है तो कभी अंडर ग्राउंड पार्किंग के नाम पर गार्डन की जगह इमारत बनाकर बड़ी संख्या में पेड़ों को हटाया जाता है। ऐसे ही अब बांद्रा के रिक्लेमेशन में एसटीपी प्लांट की योजना लगाने के लिए ५०० से अधिक पेड़ों को हटाया जाना है। मनपा इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। पर्यावरण प्रेमियों को मनपा की इस नीति का विरोध है। उनका कहना है कि पेड़ों को काटकर विकास करने का कोई मतलब नहीं है।

गौरतलब है कि मुंबई में गंदे पानी की प्रक्रिया कर पुनः उपयोग लायक बनाने के लिए मनपा की ओर से ७ बड़े एसटीपी प्लांट बनाए जा रहे हैं। इसी के तहत बांद्रा (प.)स्थित बांद्रा रिक्लेमेशन में भी एक एसटीपी प्लांट बनाया जा रहा है। यहां एक एसटीपी प्लांट के लिए जिस मैदान का चयन किया गया है मनपा अधिकारियों के अनुसार, वहां कुल ७१९ पेड़ हैं। एसटीपी प्लांट के लिए इनमें से ५४७ पेड़ों को हटाया जाएगा। मनपा के अनुसार, कुछ पेड़ों को काटा जाएगा तो कुछ को ट्रांसप्लांट किया जाएगा। यहां बड़ी संख्या में पेड़ों को नष्ट किए जाने की सूचना मिलते ही पर्यावरण प्रेमियों ने मनपा के विरोध में अभियान शुरू कर दिया है। इस योजना से यहां पेड़ों को होनेवाले नुकसान को लेकर स्थानीय लोग भी आक्रोशित हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने मनपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि मनपा के लोग विकास के नाम पर हरित क्षेत्रों को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं, जिसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उधर मनपा का दावा है कि यहां से ज्यादातर पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जाएगा। उन्हीं पेड़ों को काटा जाएगा जो बिल्कुल ही ट्रांसप्लांट की स्थिति में न हों। इस परियोजना को जल्द-से-जल्द पूरा करने का लक्ष्य है। यहां जगह रिक्त होगी तो प्लांट लगाने में आसानी होगी। बता दें मनपा द्वारा ट्रांसप्लांट पेड़ों को जिंदा बचा पाने का प्रमाण बहुत कम है। ऐसे में लोगों ने ट्रांसप्लांट सिस्टम में खामियां बताकर नाराजगी जताई है।उनका कहना है कि पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने की बस एक औपचारिकता होती है। यहां से पेड़ों को हटाने के संदर्भ में मनपा की सूचना पर स्थानीय लोगों से सजेशन लेने का काम शुरू है। यहां से पेड़ों की कटाई और हटाए जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने विभाग के ईमेल आईडी पर ईमेल भेजकर अपना विरोध जताने का अभियान शुरू किया है।

# अनधिकृत निर्माण पर चला जेसीबी,भू-माफियाओं में दहशत का माहौल



**वसईः** वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिति 'जी'के नव नियुक्ति प्र.सहायक आयुक्त मोहन संखे की नियुक्ति होते ही प्रभाग के अनधिकृत निमार्णों पर तेजी के साथ बुलडोजर लगना शुरू हो गया है ।ताजा मामला यह कि उनके नेतृत्व में प्रभाग 'जी'का अतिक्रमण विभाग ने तुंगारेश्वर व चिंचोटी क्षेत्र में अनधिकृतनिमार्णों को ध्वस्त किया गया है ।बातदे कि, वसई विरार शहर महानगरपालिका आयुक्त अनिलकुमार पवार व अतिरिक्त आयुक्त रमेश मनाले व उपायुक्त ( अतिक्रमण प्रमुख ) डॉ.किशोर गवस के मार्गदर्शन में (१).सातीवली तुंगारेश्वर रोड सर्वे.न. ७१,७२ येथे १५ रूम ४५०० वर्ग.फुट पत्रे विट बाधकाम व (२). चिंचोटी सर्वे.न.३९ येथे २ रूम ६०० वर्ग.फुट विट बाधकाम जेसीबी की सहायता से तोड़े गए है। कुलमिलाकर इस अभियान में कुल ५१०० वर्ग फुट. निर्माण को तोड़ा गया। इस अवसर पर प्रभाग 'जी' प्र.सहा.आयुक्त मोहन संखे,कल्पेश कडव व गौरव पारिहार (क.अभियंता.) व सुनील तेलगोटे (लिपिक) आदि कर्मचारियों उपस्थित थे।

# आमाडाँड़ खुली कोयला खदान में भ्रष्टाचार चरमसीमा पर, ट्रांसपोर्टर गाड़ियों से वसूल रहे मोटी रकम

## मजदूरों से ट्रको के ऊपर चढ़ा कर करवाते है छटनी

**अनूपपुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार कालरी परिसर के अंदर लोडिंग के लिए शासकीय लोडर मशीन है लेकिन निजी स्वार्थ के लिए आये दिन उक्त मशीन के बिगड़ने का बहाना बना रहता है और दिखावे के लिए लोडर मशीन खड़ी रहती है और यदि लोडर मशीन से लोडिंग हुई तो फिर भी लोडर मशीन चालक रुपये की वसूली करता है और रोड सेल के ड्राइवरो से बराबर वसूली की जाती है और कांटा घर का बाबू के किस्से तो सभी को पीछे छोड़ते हुये मासिक आय से भी ज्यादा महज वसूली से ही अर्जित होने के चर्चे है।

### टेंडर बिना प्राइवेट लोडर मशीन...

कोयला खदान के जिम्मेदारों की मनमानी यही नही रुकी मनमाने तरीके से वसूली के चर्चे तो थे ही साथ ही अब अपने निजी स्वार्थ के लिए अपने निजी चहेते लोडर मशीन संचलको से साठगाठ कर अवैध इन्ट्री देकर कई लोडर मशीनों का संचालन किया जा रहा है जिस की जानकारी एरिया में बैठे उच्च अधिकारियों को भी हैं जिस डी0ओ0 होल्डर के पास क्वांटिटी ज्यादा होती है उसे बड़ी आसानी से एक एग्रीमेंट के तहत लोडर मशीन कॉलरी के अंदर लगाने की परमिशन दे दी जाती है। जिसकी जानकारी कॉलरी प्रबंधक और कोतमा जी0एम0 तक ही सीमित होती है। प्राइवेट मशीन संचालक के द्वारा माइंस से बड़े आसानी से माईनस हंड्रेड कोयला की जगह टू फिफ्टी का कोयला अपने वाहन से कॉलरी परिसर से बाहर निकाल कर फैक्ट्री कंपनी को फायदा पहुचाने का काम किया जाता है।

**अनूपपुर जिले के कोतमा जमुना क्षेत्र आमाडाँड़ में खुली कोयले खदान में इन दिनों अपने कार्यशैली को लेकर चर्चे में है खुली खदान में अवैध वसूली की चर्चा जोरो पर है जानकारों का मानना है अवैध वसूली से प्रबंधक सहित कई कर्मचारी अपने व्यक्तिगत फायदे का खेल, खेल रहे है। और कॉलरी के गेट से ही वसूली का कार्य शुरू कर दिया जाता है और जितने जगह से होकर रोड सेल की गाड़ी गुजरती है सभी जगह वसूली का कार्य किया जा रहा है।**

### लगे अवैध वसूली के आरोप....

जानकारी के अनुसार रोडसेल के ड्राइवरो द्वारा भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बताया जा रहा है कि कॉलरी के गेट में इंट्री कराते समय 50 रुपये से 100 रुपये व कांटा में 50 रुपये से 100 रुपये यदि बैंकर है तो बैंकर खलासी 50 रुपये, और यदि प्राइवेट लोडर मशीन है तो 250 रुपये देने होता है जब इन कॉलरी कर्मचारियों से जानकारी मांगी गई तो बताया गया सारा रुपये क्षेत्रीय स्तर के अधिकारी के पास जमा हो जाता है आखिरकार ये रुपये जो अवैध रुप से वसूल किये जाते है वह जाता कँहा है या अवैध वसूली की रकम की बंदरबांट कर ली जाती है।

### माइनस100के जगह 250 का कोयले का ट्रांसपोर्ट...

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 100 की जगह 250 का कोयले का परिवहन रोड सेल के माध्यम से आमरण को लिखा है परियोजना अंतर्गत किया जा रहा है जिसमें लाखों रुपए की चपत लगाते हुए अपने पॉकेट में रखते नजर आ रहे अधिकारी वह मैनेजमेंट के नाम से शर्मा के चर्चे भी आम होते चले जा रहे हैं फिर क्या कांटा घर के पहले ही ट्रक के ऊपर नजर आने वाले 250 के कोयले को वर्करों द्वारा चढ़ाकर छटनी का कार्य करवाया जाता है जो कि नियम के विरुद्ध है जिससे किसी भी प्रकार की वर्करों की दुर्घटना से किसी भी प्रकार का चोटिया जान जाने की खतरा भी बने रहती है लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगता।

### संवेदनशील विभाग से होना चाहिए स्थानांतरण

कॉलोरी में रोडसेल विभाग को संवेदनशील विभाग माना जाता है और इस विभाग में पदस्थ तकनीकी निरीक्षक एवं कांटा बाबू का समय-समय पर अन्यत्र स्थानांतरण किया जाना चाहिए लेकिन जमुना कोतमा एरिया के अंतर्गत इस खदान में नियमों की अवहेलना की जा रही है और उक्त तकनीकी निरीक्षक कई वर्षों से इसी खदान में जमा हुआ है।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से महिलाये आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगी: कैबिनेट मंत्री सखलेचा

## मंत्री श्री सखलेचा ने पद्मावती सामुदायिक भवन सिंगोली में वितरित किए लाडली बहनों को स्वीकृति पत्र



**सिंगोली।** आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर म.प्र. के लिए महिलाओं का आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना जरूरी है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगी। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण का माध्यम भी बनेगी। उक्त बातें मध्य प्रदेश शासन के सुक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ओम प्रकाश सखलेचा ने रविवार को नगर परिषद सिंगोली द्वारा पद्मावती सामुदायिक भवन पर आयोजित लाड़ली बहनों को स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कही।

इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम भाजपा जिला मंत्री श्रीमती सुनीता राजकुमार मेहता मंडल अध्यक्ष गोपाल धाकड़ परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद जैन भाया बगड़ा उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ भाजपा मंडल महामंत्री राधेश्याम मेघवंशी पारस जैन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिंकी सोनी अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार बलाई सहकार भारती जिला अध्यक्ष दिनेश जोशी पूर्व नगर अध्यक्ष निर्मल साकुणिया युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत पालीवाल राकेश जोशी व अन्य जनिप्रतिनिधि, पार्षदगण तथा नगरवासी और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथो लाड़ली बहना योजना के तहत आगामी 10 जून को 1 करोड 25 लाख महिलाओं के खाते में सरकार द्वारा एक-एक हजार रूपये की राशि जमा करवाई जायेगी। राशि जमा होने का संदेश मोबाईल पर प्राप्त होने के बाद सभी लाडली बहनाएं अपने-अपने घरों पर दीपक जलाकर उसे उत्सव के रूप में मनाएं। मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि वर्ष 2024 तक सभी आवासहीनों को प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्के मकान की सुविधा मिलेगी, साथ ही प्रत्येक घर में 24 घन्टे नल से शुद्ध पेयजल मिलने लगेगा।

उन्होने मुख्यमंत्री सीखो कमाओं योजना की जानकारी देते हुए ,कहा कि इस योजना के तहत अधिकाधिक युवा अपना पंजीयन कराएं और कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण प्राप्त कर, हुनर सीखें और रोजगार से जुड़ें। उन्होंने बताया की प्रशिक्षण अवधि में सरकार द्वारा युवाओं को प्रतिमाह 8 से 10 हजार रूपये की राशि एक वर्ष तक भुगतान की जाएगी। मंत्री सखलेचा ने अधिकाधिक युवाओं से इस योजना का लाभ उठाने का आव्हान किया उन्होने कहा कि सिंगोली नगरीय क्षेत्र में 1683 महिलाओं को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलने जा रहा है उन्हें आज से ही स्वीकृति पत्र वितरण का कार्य प्रारम्भ हो गया है।

मंत्री श्री सखलेचा ने सिंगोली के सभी वार्डों के 30 लाड़ली बहनों को प्रतीकस्वरूप स्वीकृति पत्रों का वितरण किया ओर कहा की पात्र शेष बहनो को कार्यकर्ताओ की टीम घर घर जाकर स्वीकृती पत्र देगी ओर बहनो के अन्य उचित सुझाव भी लेगे जिसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर उन पर भी सकारात्मक काम करेगे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कन्या पूजन कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।मंत्री श्री सखलेचा व अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित लाड़ली बहनों का पुष्पहारों से स्वागत किया। इस दौरान नगर की सैकड़ों महिलाएं गणमान्य नागरिक एवं परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है : मनोज द्विवेदी



*बिजुरी । बिजुरी के माईनस श्रमिक सदन प्रांगण में तथागत मार्शल आर्ट्स एकेडमी ,मप्र द्वारा आयोजित समर कैम्प के समापन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल होने का मुझे अवसर मिला। इस अवसर पर मंच पर मेरे साथ नगर परिषद बिजुरी की अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अनिल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्री रामजी रिंकू मिश्रा, श्री गयाबोध मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्री हनुमान गर्ग, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री उमेश पाण्डेय, श्री अरुणेन्द्र सिंह ,श्री मृगेन्द्र सिंह, श्री प्रयाग पाण्डेय एवं आयोजक मंडल के साथ लगभग 150 नन्हे मुन्ने बच्चों को दस दिन प्रशिक्षण देने वाली सुश्री सावित्री श्रीवास, श्री दशरथ श्रीवास के साथ बिजुरी के बहुत से गणमान्य लोगों को इस उत्कृष्ट आयोजन में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ।*

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : बुधवार 07 जून 2023






# मणिपुर में फिर हिंसा, विधायक का घर जलाया

## काकचिंग जिले में 100 घर फूंके, लूटे गए हाईटेक हथियार और गोला-बारूद जब्त

**इंफाल।** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़की। काकचिंग जिले के सेरो गांव में कुछ लोगों ने 100 घरों में आग लगा दी। इसमें कांग्रेस विधायक रंजीत सिंह का घर भी शामिल है। राज्य में 3 मई से मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच झड़प हो रही है। ताजा घटना को किस समुदाय के लोगों ने अंजाम दिया है, इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है।

इस बीच सुरक्षा बलों ने सोमवार को 790 हथियार और 10,648 गोला-बारूद बरामद किए हैं। इन हथियारों को 3 मई को भड़के जातीय दंगों के दौरान पुलिस कार्यालयों से लूटा गया था। राज्य में 3 मई को हिंसा शुरू हुई थी। अब तक 98 लोगों की मौत हो चुकी है। 310 लोग घायल हो चुके हैं। वहीं, 37 हजार से ज्यादा लोगों को राहत



शिविर में शिफ्ट किया गया। हिंसा के चलते 11 से ज्यादा जिले प्रभावित हुए हैं।

### घरों से लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया

अधिकारियों के मुताबिक, रविवार शाम को कुछ लोग सेरो गांव में आए और उन्होंने विधायक रंजीत के घर में तोड़फोड़ शुरु कर दी। विधायक और उनका परिवार बाल-बाल बच गया। हिंसक भीड़ ने कई घरों को आग के हवाले कर दिया। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया, आग लगने के बाद घरों से लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्हें राहत शिविर में पहुंचाया गया।

### बीएसएफ यूनिट पर किया हमला

भीड़ ने जिले के ग्रामीण इलाकों में तैनात ब्रस्स्र के एक दल पर भी गोलीबारी की। पोस्ट पर मोर्टार से हमला किया गया। अभी तक कोई जवान हताहत नहीं हुआ। पुलिस को संदेह है कि ब्रस्स्र पोस्ट पर हमले के लिए संदिग्ध लोगों ने चुराए गए हथियारों का इस्तेमाल किया। इस बीच सुरक्षाबलों और हिंसक भीड़ के बीच गोलीबारी की भी सूचना मिली है। मणिपुर में 3 मई को हिंसा भड़की थी, महीने भर बाद भी जब राज्य में हिंसा नहीं थमी तो गृह मंत्री अमित शाह 29 मई को चार दिन के दौरे पर मणिपुर पहुंचे। दौरे के आखिरी दिन ( 1 जून) को शाह ने मणिपुर में लोगों से कहा था कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

# चीन ने अक्साई चिन में बनाई सड़कें, हेलिपोर्ट और कैंप

## सेना की सप्लाइ चेन मजबूत कर रहा, अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा



**नई दिल्ली।** अमेरिकी थिंक टैंक चेटहेम हाउस ने दावा किया है कि चीन ने अक्साई चिन तक सड़कें, आउटपोस्ट,हेलिपोर्ट और कैंप बना लिए हैं। चीन का मंशा यहां नया सप्लाई रूट बनाना है।

इसके जरिए वह किसी आपात स्थिति में यहां सेना भेज सकता है। चेटहेम हाउस ने पिछले 6 महीने की सैटेलाइट तस्वीरों की एनालिसिस के आधार पर यह रिपोर्ट दी है। अक्साई चिन वह इलाका है जिस पर चीन ने 1962 के युद्ध के बाद से कब्जा कर रखा है। थिंकटैंक ने अक्टूबर 2022 से ही तस्वीरों के जरिए चीन की एक्टीविटीज पर नजर रखी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्साई चिन लेक के पास विवादित इलाके में हेलिपोर्ट बनाया है। चीन यहां 18 हैंगर्स और छोटे रनवे का निर्माण कर रहा है, जहां आपात स्थिति में ड्रोन, हेलिकॉप्टर और फाइटर जेट तक उड़ान भर सकेंगे। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी यहां लगातार अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार तो चीन ने LAC से लगे एयरफील्ड को और चौड़ा कर लिया है। इसके जरिए चीन की भारत के ऑपरेशन को काउंटर करने की मंशा है।

तस्वीरों से साफ है कि चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सड़कें चौड़ी की हैं। अक्साई चिन में बनी सड़कें भी चौड़ी की हैं। इसके अलावा आउटपोस्ट, मॉडर्न वेदरप्रूफ कैंप जहां पार्किंग की सुविधा दी गई है, सोलर पैनल भी बना लिए हैं। देपसांग इलाके में भी चीनी गतिविधियां जारी हैं। हालांकि भारत ने भी इस इलाके में अपनी सेना तैनात कर रखी है।

## युवा कांग्रेस अनूपपुर ने उड़ीसा ट्रेन हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि, निकाला कैंडल मार्च, किया मौन धारण



अनूपपुर। युवा कांग्रेस अनूपपुर ने ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों के एक साथ टकराने से हुआ भीषण हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला और मौन धारण किया। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में शनिवार शाम को कोतमा नगर के गांधी चौक में कैंडल मार्च निकालकर एवं गांधी चौक में कैंडल जलाकर तथा 2 मिनट का मौन धारण उड़ीसा ट्रेन हादसे में मारे गए मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने कहा कि ओडिशा में हुई इस दुखद घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को इस गहरे दुख को सहन करने की भगवान क्षमता दें, वहीं घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ करें। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार शुक्ला, राजेश जैन, सन्तोष मिश्रा, युवा कांग्रेस महासचिव मानवेंद्र मिश्रा, रफी अहमद, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मो. नदीम, सनिल जैन, मयंक जैन, आशु ताम्रकार, नेहाल वारसी, अहद हिजबुल, गौरव पाण्डेय, मटरू गुप्ता, आदित्य तिवारी, रियाज, अल्ताफ, रवि दिनकर, राजवीर, फरहान अली, मो. सैम सहित अन्य युवा साथी मौजूद रहे।

# तो क्या डेविड के इशारे पर चलती है संभाग की उड़नदस्ता

**ब्यौहारी।** शहडोल संभाग का चर्चित रेत दलाल जो अपने आप को आला अधिकारियों का खास बताकर ट्रांसपोर्टरों से मनचाहे तरीके से पैसे की वसूली करता है और फिर उन पैसों से अधिकारियों को खरीदने की बात कहता है जिससे शहडोल संभाग में परिवहन विभाग के अधिकारियों के काम पर धब्बा लग रहा है तो वही डेविड वाहवाही बटोर रहा है। सूत्र बताते हैं कि बीते दिनों पूर्व संभागी उड़नदस्ता के द्वारा चार वाहनों को चेकिंग के नाम पर रुकवाया गया और फिर उनसे चालानी कार्यवाही की बात की गई लेकिन जैसे ही डेविड का नाम आया तो सारी कार्यवाही शून्य होकर रह गई और वाहनों को छोड़ दिया गया।

इससे तो यह स्पष्ट होता है कि दलाल डेविड के द्वारा आला अधिकारियों को पैसे और पावर बताकर अपनी गिरफ्त में कर चुका है और खुद को दलाल की दुनिया का किंग मेकर कहता घूम रहा है।

### शासन से मिलने वाला वेतन पड रहा कम, तो हो रही डेबिट की जी हुजूरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार संभागीय उड़नदस्ता के द्वारा मनचाहे तरीके से किसी भी जगह पर चेकिंग के नाम पर वाहन रुकवा कर दस्तावेज चेक किए जाते हैं और फिर चेकिंग के नाम पर सुविधा शुल्क की भी मांग की जाती है इसका जीता जागता सबूत 2 दिन पूर्व हुए हाईवा की दलाली से देखा जा सकता है सूत्र बताते हैं कि डेविड नामक दलाल जो काफी लंबे अरसे से रेत की दलाली मध्य प्रदेश से प्रयागराज तक करता है जो खुद को रेत की दलाली का घूमता है उसके द्वारा उड़नदस्ता के वरिष्ठ अधिकारी को फोन कर अपना बताकर सुविधा शुल्क देकर गाड़ी छोड़ने की बात कहकर डेबिट ने फोन कर वाहन को छुड़वा दिया इससे तो यह भी पता चलता है कि शासन से मिलने वाला वेतन भी अब साहब को कम पड़ रहा है जो दलालों के फोन का इंतजार करते हैं और फिर बाहर छोड़ दिया जाता है एक और मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माफियाओं और भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही करने की बात करते हैं तो वहीं दूसरी और परिवहन विभाग अधिकारी दलालों के फोन का इंतजार करते हैं और कार्यवाही के नाम पर वाहन चालकों को परेशान करना और फोन आने पर मनमर्जी तरीके से वाहन को छोड़ देना प्रतिदिन डेविड दलाल के कारण विभाग को लाखों के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# कुमारी दीपिका दुबे राष्ट्रीय खिलाड़ी वॉलीबॉल को जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा किया गया सम्मानित

## अनूपपुर विकासखंड का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का हुआ समापन



**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन खेल एंव युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान मे अनूपपुर कलेक्टर आशीष विशिष्ट पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के कुशल मार्गदर्शन मे 1मई से 30 मई तक ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नगर पंचायत वनगवां थाना के पीछे व्हाली वाल व कवडडी खेल का प्रशिक्षण शिविर संचालित किया गया शिविर मे 100 बच्चो ने भाग लिया ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन 2 जून राम चन्द्र यादव जिला खेल एव युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कराया गया इसमे मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रामनगर आर. के वैश्य जिला व्हाली वाल सघ के उपाध्यक्ष शोभ नाथ प्रचेता सह सचिव सुमिता शर्मा हरी शंकर यादव कोल इंडिया खिलाडी जे पी श्रीवास्तव राम अवधेश यादव राम आश्रय यादव उपस्थित थे इनके द्वारा बच्चो को समर कैंप में भाग लेने पर प्रमाण पत्र वितरीत किया गया समापन समरोह मे कु. दिपिका दुबे सब जुनियर राष्टीय खिलाड़ी व्हाली वाल को चैतन्य मिश्रा जिला अध्यक्ष जिला व्हाली वाल सघ के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया स्टेट रेफरी अतुल यादव जितेंद्र पनिका को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया अंकित यादव प्रतिज्ञा सिंह हर्षित कुमार अर्णव पटेल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने पर प्रमाण पत्र दिया गया।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : बुधवार 07 जून 2023






# ऐश्वर्या राय की संपत्ति सुन उड़ जाएंगे आपके होश !



**ऐश्वर्या** राय बच्चन की एक्टिंग ही नहीं, उनकी खूबसूरती के भी लोग दीवाने हैं. उन्होंने साल 1997 में फिल्म इरुवर से अपने career की शुरू आत की थी. इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा. ऐश्वर्या राय एक से एक सुपरहिट फिल्में दे चुकी हैं. इतने सालों के career में ऐश्वर्या राय ने अपनी तगड़ी नेटवर्थ बना ली है. आपको जानकर हैरानी होगी कि ऐश्वर्या की संपत्ति पति अभिषेक बच्चन से भी ज्यादा है.

रिपोर्ट में बताया कि ऐश्वर्य राय की नेट वर्थ 100 मिलियन डॉलर है. उनके पास 826 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी है. वहीं, अभिषेक बच्चन की नेट वर्थ 203 करोड़ रुपये बताई जाती है.

ऐश्वर्या ना सिर्फ फिल्मों से बल्कि ब्रैंड एंडोर्समेंट से भी मोटी कमाई करती हैं. ऐश्वर्या राय एक फिल्म के लिए 10 से 12 करोड़ रुपये फीस लेती हैं. उन्हें सिर्फ ब्रैंड एंडोर्समेंट से सालभर में 80 से 90 करोड़ रुपये की कमाई हो जाती है. ऐश्वर्या राय बच्चन किसी भी ब्रैंड के Endorsement के शूट के लिए एक दिन का 6 से 7 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं. वह कई International ब्रैंड का चेहरा हैं. ऐश्वर्या राय बच्चन का बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में 5 बीएचके अपार्टमेंट है. इसे उन्होंने साल 2015 में खरीदा था, जिसकी कीमत 21 करोड़ रुपये बताई जाती है. मुबई के वर्ली में भी ऐश्वर्या राय का एक लग्जरी अपार्टमेंट है. इसकी कीमत लगभग 41 करोड़ रुपये है.

# एक्शन स्टंट करने में किसी हीरो से कम नही हैं ये एक्ट्रेस

**पहले के टाइम पर लोगों को लगता था कि एक्टर फिल्मों में स्टंट करने के लिए फेमस होते है और एक्ट्रेस सिर्फ अपनी खूबसूरत अदाओं के लिए। बदलते समय के साथ इंडस्ट्री की एक्ट्रेस ने इस सोच को भी बदला है। अब बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक्ट्रेस का रोल सिर्फ स्क्रीन पर अपनी खूबसूरत अदाए दिखाना ही नहीं बल्कि मुश्किल एक्शन स्टंट करना भी है। आजकल एक्शन फिल्मों का क्रेज भी सबके सिर चढ़कर बोल रहा है। जिस वजह से फिल्मों में एक्टर के साथ साथ कुछ एक्ट्रेसेस भी इन एक्शन स्टंट सीन को बखूबी निभा कर अपने फैंस का दिल जीत लेती है। आइए फटाफट से देखते है हमारी बॉलीवुड की कुछ धाकड़ एक्ट्रेस, जिनके ये स्टंट देख उड़ गए थे फैंस के होश।**



प्रियंका चोपड़ा - बॉलीवुड इंडस्ट्री की देसी गर्ल यानी प्रियंका चोपड़ा अब एक ग्लोबल आइकन बन चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'सिटाडेल'को फैंस का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस स्पाई-थ्रिलर सीरीज में प्रियंका ने अपनी एक्टिंग और दमदार एक्शन से सबको हैरान कर दिया है। डॉन हो या मैरी कॉम प्रियंका अपनी फिल्मों में खुद ही स्टंट सीन परफॉर्म करती हैं।

दीपिका पादुकोण - लिस्ट में अगला नाम एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का है। दीपिका अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से करोड़ों लोगों का दिल जीत चुकी हैं। यही नही, दीपिका एक्टिंग के अलावा एक्शन स्टंट करने में भी माहिर हैं। 'चांदनी चॉक टू चाईना', 'बाजीराव मस्तानी'में उन्होंने सारे स्टंट सीन खुद किए। फिल्म पठान में दीपिका पादुकोण ने खतरनाक एक्शन और स्टंट सीक्वेंस किया।

कैटरीना कैफ - बॉलीवुड एक्ट्रेस की बॉडी बेहद फ्लेक्सिबल है, जो उन्हें आसानी से स्टंट करने में मदद करती है। 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'बैंग बैंग', 'फैंटम'जैसी फिल्मों में कैटरीना ने कमाल के एक्शन सीन किए है। जिन्हें देखकर फैंस काफी ज्यादा हैरान हो गए थे। बता दें, कि कैटरीना की अगली रिलीज 'टाइगर 3'होगी। जिसमें वो फिर से एक बार एक्शन करते दिखेंगी।

सोनाक्षी सिन्हा - कुछ साल पहले एक्टर जॉन अब्राहम ने बताया था कि सोनाक्षी किसी भी तरह के मुशकिल से भी मुश्किल स्टंट आसानी से कर लेती हैं। इस वजह से उन्होंने सोनाक्षी को बेस्ट एक्शन एक्ट्रेस भी कहा था। सोनाक्षी फिल्म 'अकीरा', 'फोर्स 2'में एक्शन करते नजर आ चुकी हैं। इन एक्शन सीक्वेंस ने सोनाक्षी के फैंस का दिल जीत लिया।

रानी मुखर्जी - 'मर्दानी'एक्ट्रेस रानी मुखर्जी के एक्शन से भी हर कोई वाकिफ है। 'मर्दानी'और 'मर्दानी 2'में रानी मुखर्जी की एक्टिंग के साथ-साथ उनके एक्शन की भी जमकर तारिफ हुई थी। पुलिस आफिसर के किरदार वो जबरदस्त एक्शन कर अपने फैंस के दिलों में बस गई।

# उर्वशी रौतेला और परवीन बॉबी की बायोपिक पर मचा बवाल



**उर्वशी** रौतेला इस साल कान्स गई थीं, उन्होंने ऐसे आउटफिट्स में कई रेड कार्पेट अपीयरेंस दिए, जो काफी पेचीदा थे और जबकि फिल्म फेस्टिवल लंबे समय से खत्म हो गया है, उर्वशी की सुर्खियां बनी हुई हैं। इस साल के कान्स फिल्म फेस्टिवल में लॉरियल एंबेसडर ऐश्वर्या राय बच्चन और अनुष्का शर्मा से लेकर कई प्रभावशाली लोगों तक कई भारतीय मौजूद थे। रेड कार्पेट पर केवल देसी अभिनेत्रियाँ थीं, जिनमें कान्स में वास्तविक फिल्में दिखाई जा रही थीं, सनी लियोन और प्रियंका बोस थीं, जो अनुराग कश्यप की कैनेडी और कानू बहल की आगरा की स्टार थीं। उर्वशी रौतेला को छोड़कर अधिकांश अन्य लोग वहां ब्रांडों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे और अन्यथा दावा नहीं किया। पूर्व ब्यूटी क्वीन, अपने स्वयं के खाते से, परवीन बाबी की एक बायोपिक का प्रतिनिधित्व कर रही थीं, जिसे फ्रेंच रिवेरा पर एक फोटोकॉल में लॉन्च किया जाना था। भारतीय फिल्मों के लिए फिल्म महोत्सव के दौरान इस तरह से प्रचार करना असामान्य नहीं है झ ऐश्वर्या ने 2012 की फिल्म हिरोइन लॉन्च की, जो अंततः करीना कपूर के साथ बनाई गई थी, और मल्लिका शेरावत ने सांपों के साथ फोटो खिंचवाकर यादगार रूप से अपनी फिल्म हिस का प्रचार किया।

हालाँकि, ऐसा लगता है कि इंटरनेट को उर्वशी रौतेला पर एक लंबी कहानी कहने का संदेह था झ ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने पिछले साल उसका दावा नहीं किया था कि वह कान्स में लियोनार्डो डिकैप्रियो से मिली थी और उसने उसे बताया कि वह प्रतिभाशाली अभिनेत्री थी। परवीन बाबी की बायोपिक कहानी से ऐसा लग रहा था कि यह सिर्फ एक कहानी हो सकती है झ क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि कथित बायोपिक टीम से अकेले उर्वशी कान्स में थीं। हिंदुस्तान टाइम्स की एक जांच में पाया गया कि ऐसी बायोपिक का अस्तित्व संदेह में था। ह्ययह बहुत स्पष्ट है कि वह झूठ बोल रही है, और यह फर्जी खबर है। ऐसा कोई प्रोजेक्ट नहीं बनाया जा रहा है। ट्रेड सर्किट में भी ऐसी किसी भी परियोजना के बारे में कोई बातचीत नहीं हो रही है।

साथ ही, निर्माताओं की ओर से किसी के बिना एक फोटोकॉल लॉन्च भी है। बस संभव नहीं है। तो, उर्वशी खुद वहां थीं, कोई निर्माता, लेखक, निर्देशक नहीं था तो यह फोटोकॉल लॉन्च क्या है ? इससे पता चलता है कि उनके दावे में कितनी सच्चाई है। उन्होंने निर्माताओं के नाम भी नहीं बताए हैं। वह कह सकती थी कि वह करना चाहती है, या करने की सोच रही है, लेकिन टीम के नाम के बिना यह आरोप लगाना निश्चित रूप से विश्वसनीय नहीं है। एक दूसरे सूत्र ने प्रकाशन को बताया, किसी भी कलाकार के पास इस तरह की परियोजना की घोषणा करने की शक्ति नहीं है। और परवीन बाबी पर एक बायोपिक की तरह कुछ तभी घोषित किया जाएगा जब उत्पादन कार्य शुरू हो जाएगा। और वह भी आमतौर पर निर्देशक या उत्पादन से आता है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .